न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, खाजूवाला जिला बीकानेर
पीठासीन अधिकारी :– प्रभजोत सिंह गिल आर.ए.एस.
राजस्व वाद पत्र संख्या :– 106/2021

1. विमलादेवी पत्नी प्रेमकुमार जाति जाट निवासी चक 3 बीजीएम तहसील खाजूवाला जिला बीकानेर।

...........वादी

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व), खाजूवाला।

............प्रतिवादी

प्रा0–पत्र अन्तर्गत धारा 88 आरटीएक्ट व 136 एलआर.एक्ट

कार्यालय जिला कलेक्टर (रिकॉर्ड), बीकानेर के पत्र क्रमांक सीबी/रिकॉर्ड/बेग नं0 230/पेज नं0 1373/सीएन/21/793/ दिनांक 25.8.21 के जरिए विवादित जमीन चक 3 बीजीएम के मु0नं0 203/43 व 203/44 की 50.00 बीघा जमीन से संबंधित मूल पत्रावली मिसल सं0 1324 फैसल 5/3/89 प्राप्त हो चुकी है।

इसके अवलोकन से यह पाया गया कि प्रार्थीया द्वारा पेश किए आवेदन पत्र और आवंटन प्रोसींडिग में प्रार्थीया/अलॉटी का नाम विमलादेवी पत्नी प्रेमकुमार जाट साकिन दौलतपुरा दर्ज है जबकि फैसला दिनांक 5.5.89 की पालना मे जारी किए गए आवंटन आदेश में अलॉटी का नाम विमलादेवी पत्नी प्रेमरतन दर्ज है इसी आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद किया गया है।

उपरोक्त फैक्ट्स के आधार पर अदालत का फैसला है कि विवादित जमीन के संबंध में विमलादेवी पत्नी प्रेमरतन की जगह विमलादेवी पत्नी प्रेमकुमार दर्ज किया जाना उचित है। शेष प्रविष्टियां यथावत रहेगी। तहसीलदार आदेश मुताबिक अमलदरामद करें।

(प्रभजोत सिंह गिल),
(आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी,
(खाजूवाला)

Signature Not Verified

Digitally signed by Prabhjot Singh Gill
Date: 2022.02.10 15:16:20 IST
Reason: SelfAttested